Australian Government
Department of Health, Disability and Ageing



# *वृद्ध देखभाल अधिनियम 2024* के बारे में

# About the *Aged Care Act 2024*

नया वृद्ध देखभाल अधिनियम 1 नवंबर 2025 से लागू होगा। यह वृद्ध देखभाल प्रणाली के संचालन का तरीका नियत करने वाला प्रमुख कानून होगा। यह तथ्य पत्रक अधिनियम के हरेक अध्याय का सारांश देता है और समझाता है कि ऑस्ट्रेलिया सरकार अभी और भविष्य में परिवर्तनों के समर्थन के लिए क्या कर रही है।

## नए अधिनियम की पृष्ठभूमि

Royal Commission into Aged Care Quality and Safety (Royal Commission) [वृद्ध देखभाल गुणवत्ता एवं सुरक्षा राजकीय आयोग] ने मार्च 2021 में अपनी अंतिम रिपोर्ट जारी की। इसके द्वारा वृद्ध देखभाल प्रणाली में सुधार के तरीके नियत किए गए। ऑस्ट्रेलिया सरकार के लिए Royal Commission की सबसे पहली सलाह यह थी अधिकारों के आधार पर एक नया वृद्ध देखभाल अधिनियम विकसित किया जाए।

हमने वृद्ध देखभाल कानून में बदलावों के लिए सभी से उनका फीडबैक मांगा और सितंबर 2024 में वृद्ध देखभाल विधेयक 2024 प्रस्तुत किया। इसे नवंबर 2024 में ऑस्ट्रेलियाई संसद (संसद) द्वारा पारित और 2 दिसंबर 2024 को एक नए कानून के रूप में अनुमोदित कर दिया गया। नया वृद्ध देखभाल अधिनियम 1 नवंबर 2025 से लागू होगा।

संसद ने नवंबर 2024 में वृद्ध देखभाल (परिणामी और पारगमन प्रावधान) विधेयक 2024 भी पारित किया। कानून का यह हिस्सा नए वृद्ध देखभाल अधिनियम को अपनाए जाने का समर्थन करता है।

## नए अधिनियम का अवलोकन

यह नया अधिनियम Royal Commission की 58 संस्तुतियों का उत्तर देता है। यह इस बारे में भी कानून बनाता है:

- वृद्धजनों के लिए एक Statement of Rights [अधिकार कथन]
- वृद्ध देखभाल सेवाएँ किसे सुलभ होंगी
- नए अधिनियम के तहत उपलब्ध कराई जाने वाली वृद्ध देखभाल सेवाओं का निधीकरण, जिसमें यह भी शामिल है कि सरकार कितना भुगतान करेगी और किसी वृद्धजन को कितना भुगतान करने के लिए कहा जा सकता है
- Support at Home [घर में समर्थन] कार्यक्रम
- मजबूत Aged Care Quality Standards [वृद्ध देखभाल गुणवत्ता मानक] - ये रेखांकित करते हैं कि गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित वृद्ध देखभाल सेवाएँ कैसी दिखती हैं
- Aged Care Quality and Safety Commission [वृद्ध देखभाल गुणवत्ता एवं सुरक्षा आयोग] के लिए मजबूत शक्तियाँ, जोकि इसका नियामक है।

नए अधिनियम का उद्देश्य ऑस्ट्रेलिया की वृद्ध देखभाल प्रणाली को अधिक मजबूत बनाना है। यह उन सभी को प्रभावित करेगा जो वृद्ध देखभाल प्रणाली का हिस्सा हैं। यह:

- इसमें परिवर्तन करेगा कि वृद्ध देखभाल प्रदाता वृद्धजनों को अपने-अपने घरों, सामुदायिक परिवेशों और आवासीय देखभाल गृहों में सेवाएँ कैसे प्रदान करते हैं
- वृद्ध देखभाल के सुरक्षित होने और लोगों के साथ सम्मानजनक व्यवहार तथा उनके जीवन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कानून प्रस्तावित करेगा
- हमारे मौजूदा वृद्ध देखभाल कानूनों की जगह पर लागू होगा।

नया अधिनियम सरकार द्वारा निधीकृत वृद्ध देखभाल सेवाओं को कवर करता है। वृद्ध देखभाल कानूनों द्वारा अतीत में शामिल नहीं किए गए कार्यक्रम भी इसमें शामिल हैं। उदाहरण के लिए, National Aboriginal and Torres Strait Islander Flexible Aged Care (NATSIFAC) [राष्ट्रीय एबोरिजनल एवं टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी अनुकूलनीय वृद्ध देखभाल] कार्यक्रम और Commonwealth Home Support Programme (CHSP) [राष्ट्रमंडल गृह समर्थन कार्यक्रम] ।

नए अधिनियम में वृद्ध देखभाल के प्रबंधन के लिए एक नया नियामक मॉडल भी शामिल है। इस मॉडल का उद्देश्य पंजीकृत प्रदाताओं को ऊंची गुणवत्ता की वृद्ध देखभाल प्रदान करने और अधिक जवाबदेह होने में समर्थन देना है।

## अध्याय 1 – प्रस्तावना

अध्याय 1 में नए अधिनियम में उपयोग किए गए विचारों और शर्तों के बारे में समझाया गया है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि सभी लोग एक ही तरह से शर्तों का उपयोग करते हैं, और भूमिकाएँ व कर्तव्य स्पष्ट हैं।

अध्याय 1 में शामिल हैं:

- नए अधिनियम के उद्देश्य - यह कानून के लक्ष्यों का वर्णन करता है
- अधिकार कथन - यह वृद्ध देखभाल प्रणाली में वृद्धजनों के अधिकारों की रूपरेखा देता है
- Statement of Principles [सिद्धांत कथन] - यह कर्मियों और संगठनों को नए कानून के तहत व्यवहार करने और निर्णय लेने में मार्गदर्शन देता है।

यह वृद्धजनों को निर्णय लेने में सहायता देने के लिए समर्थकों की भूमिका भी समझाता है।

## अध्याय 2 - वृद्ध देखभाल प्रणाली में प्रवेश

अध्याय 2 में यह शामिल है कि निधीकृत वृद्ध देखभाल सेवाएँ किसे सुलभ हो सकती हैं।

इसमें शामिल है कि वृद्ध देखभाल प्राप्त करने के लिए लोगों की आयु क्या होनी चाहिए। इससे वृद्ध देखभाल गृहों में कम आयु के लोगों के न रहने के सरकार के लक्ष्य को हासिल करने में सहायता मिलेगी।

इस अध्याय में शामिल है कि लोगों को वृद्ध देखभाल सेवाएँ प्राप्त करने के लिए स्वीकृति कैसे मिलती है। एकल आकलन मार्गपथ अलग-अलग आकलन सेवाओं को एक ही प्रणाली में साथ लाता है।

अध्याय 2 में इनके लिए प्रक्रिया भी शामिल है:

- हम Australian National Aged Care Classification (AN-ACC) [ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय वृद्ध देखभाल वर्गीकरण] का उपयोग करके आवासीय देखभाल आवश्यकताओं का आकलन और निधीकरण कैसे तय करते हैं
- हम आवश्यकताओं का आकलन और किसी व्यक्ति द्वारा एक्सेस की जा सकने वाली सेवाओं तथा Support at Home कार्यक्रम के निधीकरण के बारे में निर्णय कैसे लेते हैं
- निधीकृत वृद्ध देखभाल सेवाओं के लिए एक्सेस की प्राथमिकता किसे मिलती है
- वृद्ध देखभाल सेवाएँ हासिल करने के लिए लोगों को स्थान कैसे मिलता है।

## अध्याय 3 - पंजीकृत प्रदाता, कर्मी और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ऑपरेटर

वृद्ध देखभाल सेवाएँ प्रदान करने से पहले प्रदाताओं को वृद्ध देखभाल गुणवत्ता एवं सुरक्षा आयोग (Commission) के साथ पंजीकरण करना होगा। अध्याय 3 में समझाया गया है कि यह आयोग पंजीकरण के आवेदनों का आकलन कैसे करेगा। इस प्रक्रिया के हिस्से के रूप में आयोग आवासीय देखभाल गृहों को स्वीकृति भी देगा।

अध्याय 3 में इनके लिए नियमों और दायित्वों की रूपरेखा दी गई है:

- पंजीकृत प्रदाता, भले ही वे कुछ सेवाओं को सब-कॉन्ट्रैक्ट पर दें
- कर्मी
- जिम्मेदार व्यक्ति - वृद्ध देखभाल प्रदाताओं में नेतृत्व की भूमिकाओं वाले लोग।

यदि कोई प्रदाता पंजीकरण की शर्तों को पूरा नहीं करता है, तो आयोग नियामक कार्रवाई करने में सक्षम होगा। इसमें गंभीर नागरिक दंड शामिल हो सकते हैं।

अध्याय 3 में पंजीकृत प्रदाताओं और जिम्मेदार व्यक्तियों के लिए नए कर्तव्यों की रूपरेखा भी दी गई है। वृद्ध देखभाल सेवाओं के वितरण में समर्थन के लिए वृद्ध देखभाल वेबसाइटें, ऐप्स या सिस्टम्स बनाने वाले डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म प्रदाताओं के लिए भी नए कर्तव्य हैं।

## अध्याय 4 – शुल्क, भुगतान और छूटें

अध्याय 4 में समझाया गया है कि वृद्ध देखभाल सेवाओं के लिए निधीकरण कैसे काम करेगा। इसमें यह शामिल है कि सरकार कितना भुगतान करेगी और पंजीकृत प्रदाता वृद्धजनों को कितना भुगतान करने के लिए कह सकते हैं।

अध्याय 4 में नियत किया गया है कि:

- सरकारी निधि कब छूटों या अनुदानों पर आधारित होगी
- निधीकरण का भुगतान कब विशेषज्ञ वृद्ध देखभाल कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाता है, जैसे CHSP या NATSIFAC कार्यक्रम।

अध्याय 4 में किसी व्यक्ति की आवश्यकताओं पर आधारित छूट के हिस्सों और प्रदाता के लिए निश्चित लागतों पर आधारित हिस्सों को नोट किया गया है।

इसमें यह भी नियत किया गया है कि निधीकृत वृद्ध देखभाल सेवाओं के लिए लोगों को कितना भुगतान करना पड़ सकता है और प्रदाताओं को उन भुगतानों का प्रबंधन कैसे करना होगा।

अध्याय में इस बात की रूपरेखा दी गई है कि आवासीय देखभाल और Support at Home के लिए आर्थिक आकलन प्रक्रिया (means testing) कैसे काम करती है। विशेषज्ञ वृद्ध देखभाल कार्यक्रमों के लिए आर्थिक आकलन प्रक्रिया लागू नहीं होती है।

अध्याय 4 में पंजीकृत प्रदाताओं के लिए इस बारे में नियम हैं कि वे किस प्रकार से निम्नलिखित काम कर सकते हैं:

- वृद्धजनों के साथ आवासीय समझौतों पर हस्ताक्षर करना
- आवास के लिए शुल्क लगाना
- वापसी-योग्य आवास जमा राशि का प्रबंधन करना।

## अध्याय 5 – वृद्ध देखभाल प्रणाली का प्रशासन

अध्याय 5 में समझाया गया है कि वृद्ध देखभाल प्रणाली का प्रबंधन कौन और कैसे करेगा। इसे प्रशासन कहा जाता है।

वृद्ध देखभाल प्रणाली का प्रबंधन अनेकानेक भूमिकाएँ करेंगी:

- Department of Health, Disability and Ageing के सचिव, जिन्हें System Governor [सिस्टम गवर्नर] कहा जाता है - यह प्रबंधित करेंगे कि वृद्ध देखभाल प्रणाली कैसे संचालित की जाती है, जिसमें सेवाओं की सुलभता को निष्पक्ष बनाना भी शामिल है
- Inspector-General of Aged Care [वृद्ध देखभाल महानिरीक्षक] - वृद्ध देखभाल प्रणाली की निगरानी करते हैं और संसद को सूचित करते हैं
- Aged Care Quality and Safety Commissioner (आयुक्त) [वृद्ध देखभाल गुणवत्ता एवं सुरक्षा आयुक्त] - प्रदाताओं के पंजीकरण का प्रबंधन करते हैं और वृद्ध देखभाल की गुणवत्ता, सुरक्षा और वित्तीय मामलों का नियंत्रण करते हैं। वे वृद्ध देखभाल प्रदाताओं का खुले और नैतिक तरीके से काम करना भी सुनिश्चित करते हैं
- Complaints Commissioner [शिकायत आयुक्त] - आयोग के पास की गई शिकायतों के साथ व्यवहार करते हैं
- Aged Care Quality and Safety Advisory Council [वृद्ध देखभाल गुणवत्ता एवं सुरक्षा सलाहकार परिषद] - आयोग के काम की देखरेख करती है।

## अध्याय 6 – नियामक तंत्र

आयुक्त, शिकायत आयुक्त और सिस्टम गवर्नर के पास अपनी-अपनी भूमिकाएँ निभाने के लिए अनेक प्रकार की शक्तियाँ होंगी। अध्याय 6 में समझाया गया है कि वे इन शक्तियों का उपयोग कैसे कर सकते हैं। इसमें यह भी समझाया गया है कि

आयुक्त कब किसी प्राधिकृत व्यक्ति को प्रदाता की सहमति या फिर किसी वॉरंट के बिना आवासीय देखभाल गृह में प्रवेश करने की अनुमति दे सकते हैं।

अध्याय 6 सूचना प्राप्त करने और नोटिस जारी करने की शक्तियाँ प्रदान करता है। ये शक्तियाँ आयुक्त, शिकायत आयुक्त और सिस्टम गवर्नर को अपनी-अपनी भूमिकाएँ पूरी करने के लिए आवश्यक जानकारी मिल पाना सुनिश्चित करती हैं।

यह अध्याय प्रतिबंधात्मक आदेशों के उपयोग की अनुमति भी देता है। प्रतिबंधात्मक आदेश गलत काम करने वाले कर्मियों और प्रदाताओं को कुछ प्रकार की वृद्ध देखभाल सेवाएँ उपलब्ध कराने से रोकने का एक तरीका है।

## अध्याय 7 – जानकारी प्रबंधन

अध्याय 7 में वृद्ध देखभाल प्रणाली में जानकारी के प्रबंधन के लिए नए नियम शामिल हैं। इससे लोगों की निजता के संरक्षण में सहायता मिलेगी। इससे पंजीकृत प्रदाताओं के बारे में जानकारी की पारदर्शिता सुनिश्चित करने में भी सहायता मिलेगी।

इस अध्याय में शामिल है:

- जानकारी के प्रबंधन के लिए एक अपडेटेड ढांचा
- संरक्षित जानकारी के लिए एक नई परिभाषा
- संरक्षित जानकारी को कौन एकत्र, उपयोग व प्रकट कर सकता है और कब।

अध्याय 7 में व्हिसलब्लोअर्स के संरक्षण के लिए और भी बातें शामिल है - वे लोग, जो मामलों को प्रकट करते हैं। यह इस बात को सुनिश्चित करने के लिए है कि वृद्धजन, उनके परिवार व देखभालकर्ता और कर्मी दंडित किए जाने या पक्षपातपूर्ण व्यवहार किए जाने के भय के बिना जानकारी की सूचना दे सकते हैं।

यदि लोग इस बारे में जानते या सोचते हैं कि किसी ने कानून का पालन नहीं किया है, तो वे सूचना दे सकते हैं।

## अध्याय 8 – विविध

अध्याय 8 में वृद्ध देखभाल प्रणाली को समर्थित करने वाले अन्य मामले शामिल किए गए हैं। इसमें शामिल है कि:

- सिस्टम गवर्नर, आयुक्त और शिकायत आयुक्त कैसे और कब अपनी ओर से दूसरों को काम करने दे सकते हैं
- सिस्टम गवर्नर और आयुक्त फॉर्मों को कब स्वीकृत कर सकते हैं, शुल्क लागू कर सकते हैं और विशिष्ट निर्णय लेने के लिए कंप्यूटर प्रोग्रामों का उपयोग कर सकते हैं
- वृद्ध देखभाल मंत्री नियम बना सकते हैं।

इस अध्याय में लोगों को आयुक्त, शिकायत आयुक्त, सिस्टम गवर्नर और Independent Health and Aged Care Pricing Authority [स्वतंत्र स्वास्थ्य एवं वृद्ध देखभाल मूल्य-निर्धारण प्राधिकरण] द्वारा लिए गए कुछ निर्णयों की समीक्षा का आग्रह करने की अनुमति दी गई है।

इसमें यह भी समझाया गया है कि सिस्टम गवर्नर अपने कार्यों के बारे में रिपोर्ट (सूचित) करेंगे और हरेक वर्ष वापसी-योग्य आवास जमा की समीक्षा करेंगे।

## नए अधिनियम और अगले चरणों के लिए समर्थन

### Aged Care (Consequential and Transitional Provisions) Act 2024 [वृद्ध देखभाल (परिणामी एवं पारगमन प्रावधान) विधेयक 2024]

10 दिसंबर को *वृद्ध देखभाल (परिणामी और पारगमन प्रावधान) विधेयक 2024* कानून बन गया। यह कानून का एक हिस्सा है, जो नए वृद्ध देखभाल अधिनियम को शुरू करने की अनुमति देता है और नए अधिनियम में पारगमन का समर्थन करता है।

इसके 4 प्रमुख लक्ष्य हैं:

- वर्तमान में लागू हमारे कानूनों को हटाकर नए वृद्ध देखभाल अधिनियम को वृद्ध देखभाल कानूनों के लिए प्रमुख कानूनों का सेट बनाना - जिनमें *Aged Care Act 1997* [वृद्ध देखभाल अधिनियम 1997], *Aged Care Quality and Safety Commission Act 2018* [वृद्ध देखभाल गुणवत्ता एवं सुरक्षा आयोग अधिनियम 2018] और *Aged Care (Transitional Provisions) Act 1997* [वृद्ध देखभाल (पारगमन प्रावधान) अधिनियम 1997] शामिल हैं
- यह सुनिश्चित करना कि वृद्ध देखभाल कानून के बारे में जानकारी पुराने कानूनों के बजाय *वृद्ध देखभाल अधिनियम 2024* को संदर्भित करती है
- यह समझाना कि 1 नवंबर 2025 से मौजूदा कानून नए अधिनियम में कैसे पारगमन करेंगे
- जानकारी की स्वतंत्रता से संबंधित कानूनों - *National Disability Insurance Act 2013* [राष्ट्रीय विकलांगता बीमा अधिनियम 2013] और *Crimes Act 1958* [अपराध अधिनियम 1958]- को राजकीय आयोग की संस्तुतियों 77 और 88 के उत्तर में बदलना।

इससे नए कानून में हमारे पारगमन करते समय वृद्धजनों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण देखभाल मिलते रहना सुनिश्चित होगा। यह अनुमोदित वृद्ध देखभाल प्रदाताओं को नई प्रणाली के तहत पंजीकृत प्रदाता बनने की अनुमति भी देता है।

## नियमों के बारे में फीडबैक प्राप्त करना

नए अधिनियम को नियमों का एक सेट समर्थित करेगा। ये नियम समझाते हैं कि नए अधिनियम को व्यवहार में कैसे लाया जाएगा। हम समय के साथ आवश्यकतानुसार इन विवरणों की समीक्षा और इनमें परिवर्तन कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कोई समस्या होने पर या सर्वोत्तम कार्यप्रथा में परिवर्तन होने पर।

अधिकांश नियम पहले से ही मौजूद हैं और नए अधिनियम का हिस्सा बन जाएँगे। लेकिन कुछ नए नियम भी होंगे। उदाहरण के लिए, यह समझाने वाले नियम कि Support at Home के लिए निधीकरण कैसे काम करेगा।

हम फीडबैक प्राप्त करना चाहते हैं, ताकि हमें इन बातों में सहायता मिल सके:

- समुदाय द्वारा बताए गए के आधार पर नियमों में सुधार करना
- नियमों में पिछले परामर्श से मिले फीडबैक का समावेशन सुनिश्चित करना
- यह पता लगाना कि नए अधिनियम के लिए प्रदाताओं को किन बातों की तैयारी करने की आवश्यकता है।

यह परामर्श इस बारे में सभी लोगों को समझने में सहायता देने का एक तरीका भी है कि ये नियम वृद्धजनों और उनकी देखभाल को कैसे प्रभावित करते हैं।

नियमों के बारे में परामर्श के संबंध में और अधिक जानकारी यहाँ प्राप्त करें: www.health.gov.au/our-work/aged-care-act/consultation

## नए अधिनियम के लिए तैयार बनने में लोगों की सहायता करना

हम वृद्धजनों, उनके परिवारों व देखभालकर्ताओं, और वृद्ध देखभाल क्षेत्र को नए अधिनियम के लिए तैयार बनने में सहायता देंगे।

हम सुनिश्चित करेंगे कि परिवर्तनों से प्रभावित होने वाले लोग यह समझ पाएँ कि:

- उनके लिए इसका क्या आर्थ है, क्या बदल रहा है और क्या पहले जैसा ही रहेगा
- तैयार बनने के लिए उन्हें क्या करने की आवश्यकता है और कब परिवर्तन करने हैं
- हम क्या जानकारी और दिशानिर्देश प्रदान करेंगे, और उन्हें कब और कैसे प्राप्त करना है।

हमने वृद्ध देखभाल क्षेत्र को नए अधिनियम के साथ समायोजन करने में सहायता देने के लिए Aged Care Transition Taskforce [वृद्ध देखभाल पारगमन कार्यबल] का गठन किया है। यह कार्यबल समस्याओं की खोज और उनका समाधान करने तथा सरकार को सलाह देने के लिए क्षेत्र के साथ-मिलकर काम करेगा।

कार्यबल के लोग वृद्ध देखभाल में अनेक प्रकार के अनुभवों से लैस विशेषज्ञ हैं। इनमें विनियमन, सेवा वितरण, शिक्षा और प्रशिक्षण, डेटा और डिजिटल, वृद्धजन, प्रथम राष्ट्रों के लोग, वृद्ध देखभाल कार्यबल, नैदानिक देखभाल और प्राथमिक देखभाल में अनुभव वाले लोग शामिल हैं।

कार्यबल यह सुनिश्चित करने के लिए परिवर्तनों की निगरानी और मार्गदर्शन भी करेगा कि इन्हें उचित तरीके से लागू किया गया है।

वृद्ध देखभाल पारगमन कार्यबल के बारे में और अधिक जानकारी यहाँ प्राप्त करें:

https://www.health.gov.au/committees-and-groups/aged-care-transition-taskforce